Sl. No. :

MHN(P)02

Total No. of Pages : 2

First Year M.A. Degree Examination, May - 2026
(SLM Scheme) (Non CBCS)
HINDI (हिन्दी)
Course - II : Modern Hindi Poetry
आधुनिक हिंदी काव्य

Time : 3 Hours **Max. Marks : 80**

Note : ***All sections are compulsory.***

SECTION - A

I. किन्हीं चार की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **[4 × 5 = 20]**

1) विकल वासना के प्रतिनिधि
ये सब मुरझाये चले गए ।
आह ! जले अपनी ज्वाला से
फिर वे जल में गले, गए ।

2) नयनों को रोने दे मन, तू संकीर्ण न बन, प्रिय बैठे हैं,
आँखों से ओझल हो, गये नहीं वे कहीं यहीं बैठे हैं ।
आँख, बता दे तू ही, तू हँसती या यथार्थ रोती है?
तेरे अधए–दर्शन थे या तू भर अश्रृबिंदु होती है?

3) सखि, विहग उडा दे, हो सभी मुक्तिमानी,
सुन शठ–शुक–वाणी 'हाय' ! सठो न रानी ।
खग, जनक पूरी की ब्याह हूँ सारिका मैं ।
तरपि यह वहीं की व्यक्त हूँ दारिका मैं ।

4) बचकर हाय! परंग मरे क्या?
प्रणय छोडकर प्राण धरे क्या?
जले नहीं तो मरा करे क्या? क्या यह असफलता है
दोनों ओर प्रेम पलता है ।

5) करना होगा यह तिमिर पार
देखना सत्य का मिहिर–द्वार–
बहना जीवन के प्रखर ज्वार में निश्चय
लड़ना विरोध से द्वन्द्व–समर

6) कौंतेय भूमि पर खडे मात्र हैं तन से,
हैं चढे हुए अपरूप लोक में मन से ।
वह लोक, जहाँ विद्वेष पिघल जाता है,
कर्कश, कठोर, कलायस, गल जाता है ।

SECTION - B

II. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **[3 × 10 = 30]**

7) 'साकेत' के किन्ही दो पुरुष पात्रों का चरित्र–चित्रण कीजिए ।

8) 'कामायनी' की 'श्रद्धा' का चरित्र–चित्रण कीजिए ।

9) निराला कृत 'तुलसीदास' की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।

10) 'कुरुक्षेत्र' के आधार पर दिनकर की विचारधारा पर प्रकाश डालिए ।

11) प्रयोगवाद और नयी कविता पर एक निबंध लिखिए ।

SECTION - C

III. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **[2 × 15 = 30]**

12) 'कुरुक्षेत्र' में चित्रित युगीन समस्याओं का विवेचन कीजिए ।

13) 'साकेत' में चित्रित उर्मिला का परिचय दीजिए ।

14) 'तुलसीदास' काव्य की कलागत विशेषताओं पर विचार कीजिए ।

15) 'कामायनी' के महाकाव्यत्व की चर्चा कीजिए ।

♦ ♦ ♦